# गोली मारकर युवक की हत्या करवाने वाला बदमाश एक साल बाद गिरफ्तार

## करधनी पुलिस ने हत्या के मामले में 25 हजार रु. के इनामी बदमाश जयसिंह पीडवा को दबोचा

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निवारू रोड स्थित रेस्टोरेंट के बाहर दो अक्टूबर 2024 को गोली मारकर प्रतीक सिंह उर्फ मोनू की हत्या के मामले में वांछित पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश जयसिंह पीडवा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निवारू रोड स्थित रेस्टोरेंट के बाहर दो अक्टूबर 2024 को गोली मारकर प्रतीक सिंह उर्फ मोनू की हत्या के मामले में वांछित पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश जय सिंह राठौर उर्फ जय सिंह पीडवा निवासी निवासी खुनखुना जिला डीडवाना-कुचामन हाल करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

आरोपित एक साल से फरार चल रहा था और पुलिस टीम ने जय सिंह पीटवा की गिरफ्तारी के लिए भरसक प्रयास किये गए। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जयपुर, सीकर, नागौर, कुचामन - डीडवाना, बीकानेर में संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। परंतु अपराधी जयसिंह पीडवा पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था।

इस पर आरोपित पीडवा की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) की ओर से 25 हजार के ईनाम की घोषित किया गया। आरोपित जयसिंह वर्तमान में थाना खोराबीसल का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिसके खिलाफ थाना करधनी व झोटवाड़ा में हत्या, हत्या का प्रयास, गम्भीर मारपीट व आर्म्स एक्ट के 15 प्रकरण दर्ज है। आरोपित से पूछताछ पर सामने आया कि घटना के बाद पहले गांव के आसपास फरारी काटी और उसके बाद अपने किसी परिचित के माध्यम से तमिलनाडु में सेलम जिले में फरारी काटी और वहां पर किसी रेस्टोरेंट पर काम किया। वहीं इस मामले में राहुल मीणा निवासी निवारू रोड करधनी जयपुर, प्रतीक सिंह उर्फ उदय सिंह उर्फ प्रिंस निवासी ठीठवाना जिला नागौर, दीपेन्द्र सिंह उर्फ दीपू निवासी सूरजगढ़ जिला झुंझुनू को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि दो अक्टूबर 2024 को अभय सिंह, प्रीतम सिंह, कुसवंत सिंह, देवेंद्र भाटी, राहुल सिंह, अजय सिंह, लक्की, प्रतीक सिंह उर्फ मोनू निवारू रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट पर बैठे थे। उसी दौरान तीन लडके स्कूटी से आये और बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी के कांच तोड़ने लगे। इस पर वहाँ मौजूद प्रतीक सिंह उर्फ मोनू ने उनको रोकने का प्रयास किया तो उन लडको ने प्रतीक सिंह उर्फ मोनू पर फायर कर दिया जिसकी दीराने ईलाज मृत्यु हो गई। इसके बाद से पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी।



करधनी थाना पुलिस ने निवारू रोड स्थित रेस्टोरेंट के बाहर युवक की हत्या करके फरार हुए बदमाश जयसिंह को गिरफ्तार किया।

- **आरोपी ने निवारू रोड स्थित रेस्टोरेंट के बाहर गोली मारकर हत्या की वारदात की थी**
- **पुलिस इस मामले में तीन बदमाशों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी**


# सवाई जयसिंह द्वितीय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विद्वानों ने साझा किए विचार

**जयपुर**। महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय की ओर से जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती पर सोमवार को सिटी पैलेस में संगोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और राजस्थानी कवियों ने ढुंढाड़ी भाषा में सुंदर काव्य पाठ से समां बांध दिया।

- **राजस्थानी कवियों ने ढुंढाड़ी भाषा में सुंदर काव्य पाठ से समां बांधा**

कार्यक्रम की शुरुआत एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त ने कहा कि महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय हमारी समृद्ध संस्कृति के संस्थापक रहे हैं। उन्होंने कई कुप्रथाओं पर रोक लगाकर समाज सुधार का कार्य भी किया।

पूर्व प्रिंसिपल और वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह खंगारोत ने कहा कि महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक कुशल योद्धा होने के साथ-साथ वास्तुकार, ज्योतिष, चिंतक और विचारक भी थे। खंगारोत ने इस पर प्रकाश डाला कि जयपुर शहर को किस प्रकार चारदीवारी से निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने इंटरनेशनल कोलेबोरेटिव रिसर्च पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि सिटी पैलेस में प्रकाशन और शोध की व्यवस्था के लिए महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के नाम पर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर की स्थापना की जाए। वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार, जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मुगलों को भारत से बाहर खदेड़ने में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय का बड़ा योगदान था। उन्होंने सभी हिंदू शासकों को एकजुट कर मुगलों को बाहर का रास्ता दिखाया। अकबर महान की जगह हमें महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय को महान की उपाधि देनी चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद शंकर शर्मा, सिटी पैलेस के कला एवं संस्कृति, ओएसडी एवं कार्यक्रम संयोजक रामू रामदेव ने भी सवाई जयसिंह द्वितीय के जीवनी पर प्रकाश डाला। ढुंढाडी भाषा को प्रोत्साहन देने के उदेश्य से आयोजित काव्य पाठ में राजस्थान के जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया, इनमें जयपुर से कल्याण सिंह शेखावत, शोभा चंदर, विनय शर्मा, प्रहलाद चंचल, भगवान सहाय पारीक, वेद प्रकाश दाधीच, बीकानेर से हिंगलाजदान रतनू और करौली से राव शिवराज पाल ने काव्य पाठ किया। कवियों ने अपनी अपनी कविताओं के माध्यम जयपुर की परंपरा, संस्कृति और इतिहास से दर्शकों को रु-ब-रु कराया।



सिटी पैलेस में जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती मनाई गई।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'जैक्टर' जल्द लॉन्च होगा

**नई दिल्ली**। सॉफ्टा इंडिया के सीईओ सुनील कुमार सिंह ने घोषणा की कि उनका नया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैक्टर जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया जाएगा।

यह प्लेटफॉर्म भारत की डिजिटल आज़ादी और डेटा सुरक्षा के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। जैक्टर एक पूर्णतः एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म है जो उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। हाइपरलोकल एड यह प्लेटफॉर्म स्थानीय व्यवसायों और ब्रांडों को उनके शहर के लोगों से जोड़ता है। महिला सुरक्षा : जैक्टर "फीमेल फायरवॉल" महिलाओं की निजता की रक्षा करती है और उन्हें सुरक्षित रखती है। एआई आधारित सुरक्षा : प्लेटफॉर्म का एआई फेक न्यूज, नग्नता और घृणा भाषण जैसे कंटेंट को स्वचालित रूप से फ़िल्टर करता है। जैक्टर का उद्देश्य भारत को एक डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है, जहां डेटा सुरक्षा और उपयोगकर्ता की निजता सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यह प्लेटफॉर्म भारतीय मूल्यों और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया हैजैक्टर के भविष्य के बारे में बात करते हुए, सीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा किजैक्टर न केवल एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, बल्कि एक ऐसा मंच है जो भारत की डिजिटल आज़ादी और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करेगा।



# राज्यपाल ने निराश्रित बच्चों से संवाद किया

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को अनाथ और बेसहारा बच्चों के लिए स्थापित सुरमन संस्थान बाल आश्रम पहुंचे। उन्होंने वहां परित्यक्त, वंचित बच्चों से संवाद किया और उन्हें खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होने बच्चों को चॉकलेट और उपहार बांटे। राज्यपाल ने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उन्हें सभी स्तरों पर विकास के समान अवसर कैसे मिले, इसके लिए समाज में मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने निराश्रित बच्चों के चारित्रिक और बौद्धिक विकास के लिए भी सतत कार्य किए जाने पर जोर दिया। इससे पहले सुरमन संस्थान पहुंचने पर राज्यपाल बागडे का संस्था की अध्यक्ष मनन चतुर्वेदी ने अभिनंदन किया। राज्यपाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

# स्कूल में 9वीं क्लास के छात्र की मौत

**जयपुर**। जामडोली थाना इलाके के एक स्कूल में सोमवार सुबह 9वीं क्लास के छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह स्कूल मैदान में क्लासमेट के साथ हैंडबॉल खेल रहा था। खेलते समय प्ले ग्राउंड में लगे पोल से टकराने पर उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। सूचना पर पुलिस ने एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी प्रहलाद नारायण ने बताया कि इस हादसे में नदबई भरतपुर के रहने वाले सुरेंद्र शर्मा के बेटे आयुष शर्मा (14) की मौत हो गई। राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात सुरेन्द्र शर्मा अपने परिवार के साथ हरिहंत नगर जामडोली में रहते हैं। उनका बेटा आयुष शर्मा जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ता था। जो सोमवार सुबह करीब 9 बजे स्कूल के प्ले ग्राउंड में आयुष अपने क्लासमेट के साथ हैंडबॉल खेल रहा था। खेलते समय अचानक प्ले ग्राउंड में लगे लोहे के पोल से टकरा गया। पोल से सिर टकराने से गंभीर चोट लग गई और आयुष लहूलुहान होकर गिर गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत सूचना देकर गंभीर हालत में आयुष को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान आयुष की मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर पुलिस एसएमएस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

- **छात्र मैदान में क्लासमेट के साथ हैंडबॉल खेल रहा था**
- **खेलते समय प्ले ग्राउंड में लगे पोल से टकराने पर सिर में लगी थी गंभीर चोट**

# जयपुर में डीलशेयर की सेवाएं शुरू

**जयपुर ( कासं )**। भारत के होमग्रोन वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डीलशेयर ने कोलकाता, लखनऊ और दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों (गाजियाबाद और गुरुग्राम) में विस्तार के बाद जयपुर में अपनी सेवाएं शुरू कीं। इसके साथ ही कंपनी ने अगले दिन डिलीवरी सेवाओं के मुकाबले ग्राहकों पर केंद्रित, ज्यादा बचत प्रदान करने वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में काम करना शुरू कर दिया है। यह मॉडल शहर में बचत पसंद करने वाले परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। कंपनी ने ये सेवाएं भारत में ई-कॉमर्स क्षेत्र में मौजूद एक बड़ी कमी को देखकर शुरू की हैं। डीलशेयर के सीईओ, कमलदीप सिंह ने बताया कि ग्रोसरी, दैनिक सामग्री और पारिवारिक वस्तुओं में प्राईवेट लेबल ब्रांड्स का डीलशेयर का बढ़ता पोर्टफोलियो इस मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीलशेयर ने अपना लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, "मेहनत की कमाई, हक से बचाओ" शुरू किया है।

## सार-समाचार

### बीएसएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह




**जयपुर**। बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल ने 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। मुख्य महाप्रबन्धक दूर संचार, विक्रम मालवीय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलवाई एवं बीएसएनएल के सभी व्यावसायिक-परिचालन क्षेत्रों के कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सतर्कता शाखा राजस्थान द्वारा बीएसएनएल सीडीए नियमों पर क्विज प्रतियोगिता,दैनिक जीवन मे सतर्कता की भूमिका पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त,व्यावसायिक-परिचालन क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों पर ग्राम सभाएं आयोजित कर लोगों को भ्रष्टाचार को रोकने के बारे में जागरूक किया गया तथा अलग अलग शहरों के विद्यालयों/महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी। प्रधान महाप्रबंधक (सतर्कता) जयंत राज दीन ने कार्यस्थल पर ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा के वातावरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार विक्रम मालवीय ने निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन सहायक महाप्रबंधक सतर्कता मान सिंह रावत ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

### गुरुनानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व कल

**जयपुर**। सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। सभी गुरुद्वारों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी गुरुद्वारे रंग-बिरंगी रोशनी से अपनी चमक बिखेरेंगे। बुधवार को गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, लंगर सहित अनेक आयोजन होंगे। गुरुद्वारों में फूलों से आकर्षक सजावट की जाएगी। श्रद्धालु गुरु ग्रन्थ साहिब के सामने मत्था टेककर सरबत के भले की अरदास करेंगे। इसी के साथ ही देश के नामचीन रागी जत्थे शबद कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। बुधवार को हीदा की मोरी, सेठी कॉलोनी, कंवर नगर, वैशाली नगर और राजा पार्क, जवाहर नगर सहित अन्य गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम होंगे। यहां गंगानगर और पंजाब समेत विभिन्न स्थानों से प्रसिद्ध रागी जत्थे शबद-कीर्तन गायन करेंगे। राजापार्क गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजेगा। इस दौरान गुरु नानक देव के उपदेशों पर विशेष प्रवचन होंगे। वहीं मालवीय नगर, पानीपेच, जगतपुरा, ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य गुरुद्वारों में भी दीवान सजेगा। मानसरोवर अग्रवाल फार्म सेक्टर 112 स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिख सभा की ओर से नगर कीर्तन निकाला जाएगा। प्रधान प्रीतम सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति की जाएगी। मानसरोवर के हीरा पथ स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सोमवार को नगर कीर्तन निकाला गया। पंच प्यारों की अगुवाई में निकाले गए नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में साध संगत शामिल हुई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। अमृतसर स्थित दरबार साहिब से आए गुरजिन्दर सिंह समेत अन्य रागी जत्थे ने संगत को निहाल किया।

### मां भगवती विद्यालय में स्वेटर वितरित

**जयपुर**। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र परिसर में संचालित निशुल्क मां भगवती विद्यालय के 225 विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद की ओर से सोमवार को स्वेटर वितरित किए गए। भारत विकास परिषद के संरक्षक हरिशंकर गोयल ने शिक्षा के क्षेत्र में गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा भारत विकास परिषद की ओर से विद्यालय के लिए 15000 रुपए का योगदान देने की घोषणा की। गोयल ने बालकों को संस्कार युक्त शिक्षा देने का आ ान किया। मानसरोवर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सिंगल ने भी विद्यालय के लिए 15000 रुपए दिए। वार्ड 70 के पार्षद राम अवतार गुप्ता, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष ईश्वर दास गोयल, कोषाध्यक्ष अतुलाल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रामबाबू सिंगल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। वेदना निवारण केन्द्र की व्यवस्थापक आर डी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षा समिति के अध्यक्ष केदार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालय की तर्ज पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। जितना शिक्षा पर जोर दिया जाता है उतना ही ध्यान संस्कारों पर दिया जाता है।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से एक चोरी का वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर विवेक मीना निवासी टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# आर. ए. पोद्दार संस्थान में व्याख्यान

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के अंतर्गत आने वाले आर. ए. पोदार इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा डॉ. राजेश कुमार, आईपीएस, डीजीपी (पश्चिम बंगाल कैडर, 1990 बैच) के साथ एक प्रेरक इंटरएक्टिव सैशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा अतिथियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक प्रो. अनुराग शर्मा ने डॉ. राजेश कुमार का हार्दिक स्वागत किया और उनके आने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद छात्रों को प्रेरित करने और कक्षा के अध्ययन को नेतृत्व एवं सार्वजनिक जीवन के अनुभवों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम हैं। डॉ. राजेश कुमार ने तीन प्रकार के व्यक्तियों के बारे में विभिन मार्गदर्शक सिद्धांतों का उल्लेख किया - पहला, जो असफलता के भय से कुछ नया आरंभ ही नहीं करते; दूसरा, जो आरंभ तो करते हैं पर कठिनाइयों से घबराकर रुक जाते हैं; और तीसरा, जो हर चुनौती के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर डटे रहते हैं। उन्होंने कहा, श्रेष्ठ वही हैं जो अपने विश्वास के मार्ग पर अडिग रहते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचार उठो, जागो और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो, रुकना मत का उल्लेख करते हुए उन्होंने छात्रों को जीवन में दृढ़ संकल्प बनाए रखने का संदेश दिया। मुख्य सत्र के बाद एक पॉडकास्ट आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. राजेश कुमार ने छात्रों के साथ करियर, नेतृत्व और व्यक्तिगत विकास पर विचार-विमर्श किया। उन्होने विद्यार्थियों से यह आव्हान किया कि यह समय कुछ बनने के बजाय कुछ करने के सपनों के सपनों का हैं।



# जेडीसी आकर बताए प्रवर्तन शाखा के अफसरों क्या कार्रवाई की : हाईकोर्ट

- **गांधी पथ पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने जेडीसी को 8 दिसंबर को पेश होने के आदेश दिए**
- **अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि नगर निगम ठेले वालों को तो हटा देता है, लेकिन पक्के निर्माण पर कार्रवाई नहीं की जाती।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के गांधी पथ पर अतिक्रमण से जुडे मामले में जेडीसी को 8 दिसंबर को पेश होकर बताने को कहा है कि प्रवर्तन शाखा के कर्मचारियों को नोटिस देने के बाद क्या कार्रवाई की गई है। वहीं अदालत ने डीजीपी को कहा कि वे फील्ड में केवल सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति करें। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने हैरिटेज और ग्रेटर नगर निगम से भी इस संबंध में शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि नगर निगम ठेले वालों को तो हटा देता है, लेकिन पक्के निर्माण पर कार्रवाई नहीं की जाती।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कुड़ी ने अदालती आदेश की पालना में जेडीए की ओर से शपथ पत्र पेश किया। जिसमें बताया गया कि बार-बार अतिक्रमण होने को लेकर प्रवर्तन शाखा के 22 कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं। इस पर अदालत ने पूछा कि नोटिस जारी करने के बाद इन पर क्या कार्रवाई की गई। जिस पर सामने आया कि नोटिस के बाद आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर अदालत ने जेडीसी को हाजिर होकर इस संबंध में जानकारी देने को कहा है।

वहीं न्यायमित्र रिनेश गुप्ता ने कहा कि मामले में केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। वहीं अतिक्रमण हटाने के बाद उसकी मॉनिटरिंग नहीं होती, जिसके चलते वापस अतिक्रमण हो जाते हैं।

# "क्लब हब 40" पर पुलिस की छापेमारी

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में संचालित क्लब हब 40 पर छापेमारी की कार्रवाई की है। जहां क्लब की आड में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस टीम ने बड़ी संख्या में हुक्के सीज कर क्लब मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज उसे गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 18 लोगों का काटा कोटपा एक्ट में चालान भी किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मालवीय नगर स्थित गौरव टावर में क्लब हब 40 की आड में हुक्का बार चल रहा है। इस पर एक पुलिस टीम मौके पर जाकर सूचना की तस्दीक करवाई गई। क्लब को चेक किया तो क्लब के अन्दर एक शक्स सोफे पर बैठे लड़को के सामने रखी टेबल पर खान पान के साथ तम्बाकू युक्त पलेवर चिलम में डालकर हुक्का पिला रहा था। जिस पर शख्स अनिल कुमार महावर (मैनेजर क्लब हब 40 ) से इस प्रकार व्यावसायिक परिसर में तम्बाकू युक्त फ्लेवर पिलाने का लाइसेंस के बारे में पूछा तो कोई लाइसेंस होना नहीं बताया। जिस पर क्लब में मिले कुल 20 हुक्का, 20 पाईप, 20 चिलम एवं शेष फ्लेवर जब्त किए।

# जनता ने कांग्रेस को पहले ही "मौरिया" बुलाकर विदा किया था : मदन राठौड़

## 'अब डोटासरा के बयानों से न कांग्रेस जिंदा होगी, न उनका भ्रम टिकेगा'

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को पहले ही मौरिया बुलाकर विदा किया था। अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का बयान उसी हताशा और निराशा का प्रतीक है जो कांग्रेस के भीतर मची गुटबाजी और नेतृत्वहीनता से उपजी है। जो पार्टी अपने पांच साल के शासन में भ्रष्टाचार, किसान धोखा और युवाओं की बेरोज़गारी के सिवा कुछ नहीं कर सकी, वह आज भाजपा पर झूठे आरोप लगाकर अपनी राजनीति बचाने की कोशिश कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि, "डोटासरा कहते हैं कि कांग्रेस ने किसानों के 14 हजार करोड़ का कर्ज़ माफ किया, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश के लाखों किसानों को केवल कागज़ों में राहत दिखाई गई, ज़मीन पर एक भी किसान को वास्तविक लाभ नहीं मिला। किसान आत्महत्या करते रहे और कांग्रेस नेता भाषणों में आंकड़े गढ़ते रहे। इनके अध्यक्ष राहुल गांधी ने तो यहां तक कह दिया था कि सरकार बनने के बाद 10 तक गिनती करते ही किसानों का सारा कर्ज माफ कर दिया जाएगा,लेकिन हकीकत जनता के सामने है।"

- **किसानों को 14 हजार करोड़ रु. का कर्ज माफ करने का कांग्रेस का दावा झूठा : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**
- **कांग्रेस में टिकट से लेकर मुख्यमंत्री तक सब कुछ परिवारवाद से होता है तय : मदन राठौड़**

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को सम्मान निधि दी, सिंचाई, बीज, खाद और बिजली की योजनाओं को पारदर्शिता से आगे बढ़ाया, यह जमीन पर दिखता है, सिर्फ मंचों पर नहीं। कांग्रेस में टिकट से लेकर मुख्यमंत्री तक सब परिवारवाद से तय होता है।डोटासरा जी, याद रखिए राजस्थान की जनता ने खर्ची और कमीशन की आपकी राजनीति को 2023 में नकार दिया था। भाजपा सरकार जनता की खर्ची से नहीं, जनता के विश्वास से बनी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डोटासरा कहते हैं भाजपा कई खेमों में बंटी है। सच तो यह है कि कांग्रेस खुद चार टुकड़ो में बंटी है। एक खेमा दिल्ली दरबार का, दूसरा पायलट का, तीसरा डोटासरा का और चौथा टिकट दलालों का। भाजपा में विचारों की एकता है, कांग्रेस में केवल कुर्सी की लडाई है। डोटासरा की भाषा लोकतांत्रिक नहीं, व्यक्तिगत है। राजनीति में असहमति हो सकती है, लेकिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग आपकी हताशा को दिखाता है। राजस्थान की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस के पास न नीति बची है, न नीयत। कांग्रेस नेताओं के भ्रम और झूठ की राजनीति अब नहीं चलेगी। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को पहले ही मौरिया बुलाकर विदा कर दिया है, अब डोटासरा जी के बयानों से न कांग्रेस जिंदा होगी, न उनका भ्रम टिकेगा। राजस्थान अब झूठ की राजनीति नहीं, जनसेवा की राजनीति चाहता है और भाजपा उसी रास्ते पर अडिग है।

# आर.एम.एस.सी.एल. के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**जयपुर**। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन परिसर में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की परम्परा के अनुरूप विधिवित रूप से पूजा अर्चना कर पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से आरएमएससीएल एवं राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के कार्यों के सम्पादन में और सुगमता आएगी। अधिकारियों एवं कार्मिकों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी प्रमुख संस्थाएं एक ही स्थान पर आ जाएंगी। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इस भवन में आरएमएससीएल एवं राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी का कार्यालय संचालित होगा। कुल क्षेत्र 5783 स्क्वायर वर्ग मीटर वाले इस भवन निर्माण के लिए 1772 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। आरएमएससीएल के प्रबंध निदेशक पुखराज सेन ने बताया कि इस भवन के बेसमेन्ट का कुल क्षेत्र 1 हजार 783.35 वर्गमीटर है, जिसमें 45 कार, 50 दोपहिया वाहन पार्किंग है।